गीता सार

क्यों व्यर्थ चिन्ता करते हो? किससे व्यर्थ डरते हो?
कौन तुम्हें मार सकता है? आत्मा न पैदा होती है,
न मरती है।

जो हुआ, वह अच्छा हुआ, जो हो रहा है,
वह अच्छा हो रहा है, जो होगा वह भी अच्छा ही होगा।
तुम भूत का अफसोस न करो। भविष्य की चिन्ता न करो।
वर्तमान चल रहा है।

तुम्हारा क्या गया, जो तुम रोते हो? तुम क्या लाये थे, जो तुमने खो दिया? तुमने क्या पैदा किया था जो नाश हो गया? न तुम कुछ लेकर आए, जो लिया यहीं से लिया, जो दिया इसी को दिया। जो लिया इसी (भगवान) से लिया। जो दिया इसी को दिया।
खाली हाथ आए, खाली हाथ चले।

जो आज तुम्हारा है, कल किसी और का था, परसों किसी और का होगा। तुम इसे अपना समझ कर खुश हो रहे हो।
बस यह प्रसन्नता ही तुम्हारे दुःखों का कारण है।

परिवर्तन ही संसार का नियम है। जिसे तुम मृत्यु समझते हो, वही तो जीवन है। एक क्षण में तुम करोड़ों के स्वामी बन जाते हो, दूसरे ही क्षण में तुम दरिद्र हो जाते हो।

मेरा-तेरा, छूटा-बड़ा, अपना-पराया मन से मिटा दो,
विचार से हटा दो, फिर सब तुम्हारे है और तुम सब के हो।

न यह शरीर तुम्हारा है, न तुम शरीर के हो। यह अग्नि, जल, वायु पृथ्वी, आकाश से बना है और इसी में मिल जायेगा। परन्तु आत्मा स्थिर है, फिर तुम क्या हो? तुम अपने आपको भगवान के अर्पित करो। यह सबसे उत्तम सहारा है। जो इसके सहारे को जानता है, वह भय, चिन्ता शोक से सर्वदा मुक्त है।

जो कुछ तू करता है, उसे भगवान को अर्पण करता चल।
इसी में तू सदा जीवन मुक्त अनुभव करेगा।

ESSENCE OF THE BHAGAVAD GITA

Why do you worry without reason?
Who are you scared of ? Who can slay you? There was never a time that you (soul) did not exist nor will there ever be a time when you will cease to be.
The soul is eternal.

What ensued in the past, was for good.
What is occurring now is also for good and what will transpire will also be for good. Don't agonize over the past or fret over the future. Be in the Present.

Over what loss are you crying? What did you bring, that's now lost? What did you create that got destroyed? Whatever you got, you got from this world. Whatever you gave, to this world you gave back. You came with nothing, and you will depart with nothing.

What you possess today, was owned by someone else yesterday and will belong to someone else tomorrow. You rejoice as being the owner of your belongings, this false happiness is the cause of your sorrow.

Change is the law of life. What you identify as death is in fact life. In a flash of a second you become a Billionaire in another second you become a beggar.

Mine-yours, affluent-petty, ours-theirs get rid of these false differences then all belong to you, and you belong to all.

This body doesn't belong to you, neither do you belong to this body. Space, air, fire, water and earth are the building blocks for this body and to these your body will return. But your soul is eternal, so who are you?

Surrender to the Divine will, there is no Bigger pillar of support than this. One who has experienced this grace is forever freed from fear and worry.

Whatever you do, do as an offering to this universe. In doing so you will forever experience eternal freedom.

Copyright protected
www.surbhimehra.com